हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 5 सितंबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 तहसील में जगह-जगह मनाई कृष्ण जन्माष्टमी ...



07 ऐसी लागी लगन.... प्रत्येक एकादशी...



खबर संक्षेप

आज काली पट्टी बांधकर शिक्षक करेंगे विरोध

सीहोर। राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विश्वजीत त्यागी ने बताया कि पूरे देश के शिक्षक टेट का विरोध कर रहे हैं जिस प्रकार भारत सरकार और मध्य प्रदेश की सरकार माननीय न्यायालय की आड़ में शिक्षक को मानसिक रूप से परेशान कर उसके द्वारा की गई 25 वर्ष की सेवाओं पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए टेट की परीक्षा का आयोजन कर रही है उसके विरोध में जिले के सैकड़ों शिक्षक नई दिल्ली में होने वाले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर परीक्षा से संबंधित विसंगतियां से अवगत कराया इस पर शिक्षा मंत्री द्वारा संगठन को यह विश्वास दिलाया कि जब तक विसंगतियों को दूर नहीं किया जाएगा तब तक कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। राज्य शिक्षक संघ जिले के समस्त अध्यापकों से अपील करता है कि वह टेट परीक्षा का फॉर्म किसी भी स्थिति में ना भरे और शिक्षक दिवस पर काली पट्टी बांधकर टेट परीक्षा का विरोध प्रदर्शन करें । अपील करने वालों में विश्वजीत त्यागी, यशवंत ठाकुर, संजय सिंह जादौन, जागेश्वर भगत, जय सिंह ठाकुर, चंदर सिंह ठाकुर, हरदयाल आजाद, रमेश पवार,महेंद्र सोलंकी, जीवन सिंह ठाकुर, मनीष सरसिया, रमन तिवारी चंद्रशेखर वर्मा इत्यादि शामिल थे।

रोजगार और औद्योगिक विकास को मिलेगी नई रफ्तार, 2000 लोगों को मिलेगा रोजगार

सीएम बोलेः पावर ट्रांसफार्मर यूनिट का पहला रोल आउट, यहां 1200 केवी तक ट्रांसफार्मर बनेंगे

यह इकाई करीब 50 एकड़ में फैली है। यह एक ही जगह पर स्थित भारत की सबसे बड़ी पॉवर ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली सुविधा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार सीहोर के बढ़िया खेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया क्रम्पटन ग्रीव्स इंडस्ट्री पहुंचे। उन्होंने सीजी क्रॉम्पटन एंड ग्रीव्स पॉवर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड की नई पॉवर ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली इकाई के पहले ट्रांसफॉर्मर का रोल-आउट किया। यह इकाई करीब 50 एकड़ में फैली है। यह एक ही जगह पर स्थित भारत की सबसे बड़ी पॉवर ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली सुविधा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश अब केवल निवेश प्रस्तावों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर बड़े उद्योगों की स्थापना कर युवाओं को रोजगार से जोड़ रहा है। उन्होंने बताया कि महज 13 से 14 महीने के रिकॉर्ड समय में इस संयंत्र का निर्माण पूरा कर उत्पादन शुरू किया गया है, जो राज्य की तीव्र औद्योगिक प्रगति का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीहोर में निर्मित यह संयंत्र न केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस इकाई में 220 केवी से लेकर 1200 केवी तक के अति-उच्च क्षमता वाले पावर ट्रांसफॉर्मर तैयार किए जाएंगे। संयंत्र की उत्पादन क्षमता प्रतिमाह 35 पावर ट्रांसफॉर्मर तैयार करने की होगी। यहां बनने वाले ट्रांसफॉर्मर देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में भी निर्यात किए जाएंगे। यहां बने ट्रांसफॉर्मर देश के अलग-अलग हिस्सों के साथ-साथ दुनिया के बाजारों तक भी पहुंचेंगे। इन ट्रांसफॉर्मर का उपयोग बिजली, डेटा सेंटर, रेलवे, रिन्यूएबल एनर्जी, तेल और गैस जैसी परियोजनाओं में होगा। सीजी की इस इकाई से सीहोर में 2000 से ज्यादा लोगों को सीधे नौकरी मिलेगी।

रोजगार और औद्योगिक विकास को मिलेगी नई रफ्तार

सीएम डॉ. यादव ने बताया कि इस मेगा प्रोजेक्ट के शुरू होने से क्षेत्र के 2000 से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इससे लॉजिस्टिक्स, सप्लाई, मेंटेनेंस और स्थानीय छोटे व्यवसायों को भी काफी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय सहित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों और सीजी पावर के उच्च अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

सीजी परिवार को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते समय में क्षेत्र के अंदर बड़े पैमाने पर सकारात्मक बदलाव आए हैं और कई प्रकार के अभूतपूर्व विकास कार्य संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सीजी परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था और आयोजनकर्ताओं ने अपने कार्यों से लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने मंच से ऊर्जा से उन्नति की ओर के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने की अगवानी, कार्यक्रम में भी हुए शामिलः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सीहोर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां पर क्रॉम्पटन ग्रीव्स पॉवर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड की नई पॉवर ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण इकाई के प्रथम ट्रांसफॉर्मर के रोल-आउट का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सीहोर जिला पंचायत व सीहोर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने उनकी भव्य अगवानी की। इस मौके पर श्री अरोरा ने मुख्यमंत्री को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य जसपाल सिंह अरोरा ने मुख्यमंत्री से सीहोर से जुड़े विकास कार्यों के साथ ही सीहोर की राजनीति को लेकर भी चर्चा की। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रम में भी शामिल रहे। श्री अरोरा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में लगातार औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार हो रहा है तो वहीं कई बड़ी कंपनियां सीहोर में अपनी यूनिट भी शुरू कर रही हैं। इससे जहां स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिलेगा तो वहीं आर्थिक रूप से भी सम्पन्नता आएगी। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि सीहोर जिला हर क्षेत्र में सक्षम है और यहां पर उद्योगों के लिए पर्याप्त सुविधाएं भी हैं।

उज्जैन और बाबा महाकाल का जिक्र

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा मैं बाबा महाकाल की नगरी से आता हूं। यहां भोले शंभू को भव्य रूप में विराजित कराया है। इसके साथ ही उन्होंने मंच से जय बोले महाकाल महाराज की जैसे जयकारे लगवाए, जिससे पूरा पांडाल भक्तिमय हो उठा। मुख्यमंत्री ने धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा महाकाल के दर्शन के साथ-साथ साक्षी गोपाल के महत्व और आशीर्वाद का भी अपना विशेष स्थान है। उन्होंने शिवाय नमः और विष्णवे नमः का स्मरण कराते हुए कहा कि विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

भादो मास की पहली झड़ी, जन्माष्टमी पर तरबतर होता रहा पूरा शहर

बारिश के मामले में जिले भर में टॉप पर सीहोर शहर, अब तक 38.5 इंच बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून की मेहरबानी एक बार फिर देखने को मिल रही है। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को सीहोर शहर में भादो मास की पहली झड़ी लग गई। सुबह से ही शुरू हुआ रिमझिम और तेज बारिश का दौर जारी है, जिससे मौसम सुहावना हो गया। बारिश के आंकड़ों के लिहाज से सीहोर शहर पूरे जिले में टॉप स्थान पर बना हुआ है। आंकड़ों के अनुसार सीहोर-आष्टा क्षेत्र में इस बार पिछले साल की तुलना में बेहतर बारिश दर्ज की गई है, जबकि जिले के अन्य ब्लॉक बारिश के मामले में अभी पीछे हैं। सीहोर शहर में इस सीजन में अब तक कुल 38.5 इंच बारिश हो चुकी है, जो पूरे जिले की तहसीलों में सबसे अधिक है।

पिछले 24 घंटों में कहां कितनी बारिश

भू-अभिलेख कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 0.71 इंच बारिश दर्ज की गई। तहसीलवार आंकड़े के अनुसार सीहोर में 1.55 इंच, आष्टा 1.26 इंच, जावर 0.83 इंच, भैरुंदा 0.79 इंच, इछावर 0.63 इंच, श्यामपुर 0.43 इंच, रेहटी 0.14 इंच, बुधनी 0.08 इंच बारिश दर्ज की गई है।

जिले में अब तक की स्थिति

1 जून से 4 सितंबर तक जिले में औसतन 30.39 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो कि सामान्य औसत बारिश 45.21 इंच से अभी कम है। पिछले वर्ष इसी अवधि तक जिले में 35.92 इंच बारिश हो चुकी थी, यानी पिछले साल के मुकाबले इस बार औसतन 5.53 इंच कम पानी गिरा है।

तहसीलवार बारिश की स्थिति

15 जून से 4 सितंबर तक जिले में अब तक सबसे ज्यादा बारिश सीहोर 37.96 इंच दर्ज की गई है, जबकि रेहटी में 34.16 इंच, भैरुंदा 33.23 इंच, बुधनी 30.28 इंच, आष्टा 29.61 इंच, इछावर 28.07 इंच, श्यामपुर 27.48 इंच और जावर में 22.36 इंच बारिश दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक जिले में हल्की से मध्यम बारिश का यह दौर इसी तरह जारी रहने की संभावना है।

जन्माष्टमी पर किसानों ने किया अनोखा डांडिया नृत्य, पुरानी संस्कृति को किया जीवंत



सीहोर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ग्राम चंदेरी एवं रामखेड़ी के किसानों ने किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में अपनी पुरानी लोक संस्कृति और परंपरा को जीवंत करते हुए अनोखे अंदाज में डांडिया नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी स्थित औद्योगिक क्षेत्र बढ़ियाखेड़ी में आगमन के अवसर पर किसानों ने उनके सम्मान में ढोल-नगाड़ों और ढोलक की थाप पर पारंपरिक डांडिया नृत्य किया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं एवं किसानों ने पारंपरिक लोकगीत और लहंगी गीत गाते हुए कृष्ण भक्ति के गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।


रिमझिम बारिश के बीच जब ढोल-नगाड़ों की गूंज और लोकगीतों की मधुर आवाज सुनाई दी तो कार्यक्रम का नजारा देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में ग्रामीण और आमजन इस अनोखे सांस्कृतिक आयोजन को देखने के लिए एकत्रित हुए। किसानों द्वारा अपनी वर्षों पुरानी संस्कृति और परंपरा को इस तरह जीवंत देखकर लोग भी आश्चर्यचकित नजर आए। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर जन्माष्टमी का पर्व मनाया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सम्मान में लकड़ी का हल भेंट किया। लकड़ी का हल किसानों की मेहनत, कृषि और ग्रामीण संस्कृति का प्रतीक है।

किसानों ने इसे सम्मान के साथ भेंट कर मुख्यमंत्री के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने कहा कि ग्राम चंदेरी के किसानों द्वारा पीढ़ी-दर-पीढ़ी अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है।

पैरों ने साथ नहीं दिया, हौसले ने हार नहीं मानी... 28 साल से बच्चों का भविष्य संवार रहे दिव्यांग शिक्षक

60 प्रतिशत दिव्यांगता के बाद भी 18 साल तक कलेक्ट्रेट के एनआईसी में दी सेवाएं

शिक्षक दिवस विशेष...



सीहोर। शिक्षक सिर्फ किताबों के अध्याय नहीं पढ़ाता, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को दिशा देता है। शिक्षक दिवस पर सीहोर के ऐसे ही शिक्षक शिवराज सिंह पंवार की कहानी प्रेरणा देती है, जिन्होंने 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता के बावजूद 28 वर्षों से शिक्षा और प्रशासन में अपनी अलग पहचान बनाई है।

उनकी शासकीय सेवा 21 अगस्त 1998 को शुरू हुई। गणित से बीएससी, समाजशास्त्र और राजनीति में एमए, डीएड-बीएड योग्यता के साथ उन्होंने कंप्यूटर ज्ञान को भी अपने काम में उपयोग किया। शिक्षण के साथ उन्होंने 18 साल तक कलेक्ट्रेट सीहोर के एनआईसी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। उनके काम से प्रभावित होकर जिले में पदस्थ कई कलेक्टरों और मंत्रियों ने उन्हें सम्मानित भी किया। दोनों पैरों से दिव्यांग होने के बाद भी उन्होंने इसे कमजोरी नहीं बनने दिया। दिव्यांगों के अधिकारों के लिए भी उन्होंने आवाज उठाई और भर्ती में आरक्षण 3 प्रतिशत से 6 प्रतिशत कराने में अहम भूमिका निभाई। वर्तमान में वे पीएम श्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में गणित पढ़ा रहे हैं। कक्षा 9 की उर्वशी मेवाड़ा और कक्षा 8 के अंश सूर्यवंशी बताते हैं कि सर कठिन सवालों को आसान भाषा में समझाते हैं और समझ न आने पर दोबारा बताने से पीछे नहीं हटते। शासकीय सेवा से पहले 1996-97 में वे जिला न्यायालय में पिटीशन राइटर और टीवी-रेडियो मैकेनिक का काम भी कर चुके हैं।

पत्नी पर शक, पति ने उठाया पत्थर और कर दी हत्या

अंबर नदी किनारे मिले मुकेश के शव का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा



जिले के भैरूंदा थाना क्षेत्र में अंबर नदी के पास एक व्यक्ति की खून से सनी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। दिनांक 3 सितंबर 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि भूराखेड़ा गांव के पहले अंबर नदी के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच शुरू की।

भाई की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज : मृतक की पहचान मुकेश उर्फ पप्पू बारेला के रूप में हुई। मृतक के भाई संतोष बारेला पिता रेलसिंह बारेला, उम्र 32 वर्ष, निवासी भूराखेड़ा, हाल मंजाखेड़ी थाना गोपालपुर, जिला सीहोर की रिपोर्ट पर भैरूंदा पुलिस ने अपराध क्रमांक 508/26, धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पुलिस के सामने मामला अंधे कत्ल की चुनौती के रूप में था।

एसपी के निर्देश पर पुलिस ने कसी नाकेबंदी

मामले की गंभीरता को देखते हुए सीहोर पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी और वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के पर्यवेक्षण में भैरूंदा थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम सिंह दांगी ने पुलिस टीम गठित कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी।

12 घंटे में पुलिस के हाथ लगा हत्यारा

पुलिस टीम ने तेजी से सुराग जुटाते हुए आरोपी विनोद बारेला पिता नंदराम बारेला, निवासी खामखेड़ा थाना बिल्किसगंज, हाल निवासी ग्राम भूराखेड़ा थाना भैरूंदा, को तत्काल अभिरक्षा में लिया। पुलिस की पूछताछ में घटनाक्रम की कड़ियां जुड़ती चली गईं और महज 12 घंटे के भीतर पुलिस ने इस अंधे कत्ल का पर्दाफाश कर दिया।

पत्नी के चरित्र पर शक बना हत्या की वजह

एसडीओपी रोशन कुमार जैन के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे अपनी पत्नी के मृतक मुकेश बारेला के साथ अवैध संबंध होने का संदेह था। इसी शक के चलते घटना वाले दिन उसने मुकेश पर पत्थर से सिर में कई बार वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई।

साक्ष्य जुटाए, आगे की जांच जारी

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विवेचना के दौरान वारदात से जुड़े आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस अब घटनास्थल, हत्या में प्रयुक्त पत्थर और अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की कड़ियों को जोड़कर मामले की आगे की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार विवेचना जारी है और सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

व्हाट्सएप पर भेजी जानकारी, फिर शुरू हुआ खेल

बिजली काटने की धमकी देकर साइबर ठगों ने बुजुर्ग को फंसाया, खाते-क्रेडिट कार्ड से 4.53 लाख उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



साइबर ठगों ने अब बिजली बिल के नाम पर लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। सीहोर के वैशाली नगर निवासी 67 वर्षीय अनिल कुमार जैन के साथ कथित तौर पर इसी तरह की साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ठग ने बिजली बिल अपडेट नहीं होने और कनेक्शन काटने का डर दिखाकर उन्हें बातचीत में उलझाया और इसके बाद बैंक खातों तथा क्रेडिट कार्ड से कुल 4 लाख 53 हजार 537.30 रुपए के अनाधिकृत लेनदेन का आरोप है। शिकायत मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले बिजली बिल का किया भुगतान :शिकायत के अनुसार अनिल कुमार जैन ने 1 सितंबर 2026 को सुबह करीब 11:19 बजे अपने बिजली कनेक्शन नंबर का बिल ऑनलाइन भुगतान किया था। भुगतान के करीब एक घंटे बाद दोपहर लगभग 12:03 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम हरेंद्र कुमार बताया।

बिल अपडेट नहीं हुआ, बिजली कट जाएगी :आरोप है कि कॉल करने वाले ने बुजुर्ग से कहा कि उन्होंने अभी बिजली बिल का भुगतान किया है, लेकिन बिल अपडेट नहीं हुआ है। इसी आधार पर उन्हें बिजली कनेक्शन काटे जाने की बात कहकर डराया गया। ठग ने कहा कि वह व्हाट्सऐप पर बिल अपडेट करने की फाइल भेज रहा है और फोन पर पूरी प्रक्रिया बताता जाएगा।

व्हाट्सऐप पर भेजी जानकारी, फिर शुरू हुआ खेल : शिकायतकर्ता के मुताबिक, फोन करने वाले के बताए अनुसार उन्होंने व्हाट्सऐप खोला और उसके निर्देशों का पालन करना शुरू किया। इसी दौरान ठग के बताए तरीके से कार्रवाई करने पर उनके बैंक खातों से रकम ट्रांसफर हो गई। शिकायत में बताया गया है कि एसबीआई खाते से 94,244 रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 55,307 रुपए ट्रांसफर हुए।

मोबाइल पर आए मैसेज से खुला साइबर फ्रॉड :बैंक खातों से रकम जाने के बाद बुजुर्ग के मोबाइल पर लगातार एसएमएस आने लगे। संदेश देखने पर उन्हें पता चला कि उनके और उनकी पत्नी के क्रेडिट कार्ड से भी उनकी जानकारी और अनुमति के बिना लेनदेन किया गया है। इसके बाद उन्हें अपने साथ बड़ी साइबर धोखाधड़ी होने का पता चला।

थाना प्रभारी बोले- जल्द होगी कार्रवाईः कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश जोशी ने बताया कि मामले में पड़ताल चल रही है। पुलिस द्वारा प्रकरण से जुड़े तथ्यों और लेनदेन की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाकर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने पुलिस से कथित धोखाधड़ी की राशि वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

क्रेडिट कार्ड से भी लाखों का अनाधिकृत लेनदेन

शिकायत में बताया गया है कि बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से 96,952.15 रुपए तथा पत्नी के क्रेडिट कार्ड से 2,07,034.15 रुपए के अनाधिकृत लेनदेन हुए। इसके अलावा यूपीआई के माध्यम से 1,49,551 रुपए की राशि ट्रांसफर होने की बात शिकायत में कही गई है।

कुल 4.53 लाख की ठगी का आरोप

शिकायतकर्ता के अनुसार बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड से हुए सभी कथित अनाधिकृत लेनदेन को मिलाकर कुल ₹4,53,537.30 की राशि धोखाधड़ी से निकाल ली गई। पीड़ित ने पुलिस को लेनदेन से संबंधित स्क्रीनशॉट और अन्य दस्तावेजों की प्रतियां भी उपलब्ध कराई हैं।

पुलिस ने दर्ज किया मामला, साइबर एंगल से जांच

मामले में थाना कोतवाली सीहोर पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अब कथित आरोपी मोबाइल नंबर, लेनदेन के रास्ते, बैंक खातों और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जानकारी खंगाल रही है। जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि रकम किन खातों या माध्यमों में पहुंची और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

खबर संक्षेप

चर्च मैदान पर 6 सितंबर से राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

सीहोर। मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खिलाड़ियों को मंच देने के लिए आगामी 6 सितंबर से शहर के चर्च मैदान पर आवासीय स्कूल परिसर के मैदान पर राज्य स्तरीय अंडर-14 सब जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों की करीब 16 टीमों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया सहित अन्य ने समितियों का गठन किया है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि 6 सितंबर से आरंभ होने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सीहोर-नर्मदापुरम और भोपाल-ग्वालियर के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता में 16 टीमों को शामिल किया गया है। करीब 300 खिलाड़ियों के ठहरने आदि की व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्था के लिए समिति का गठन किया जा रहा है। वहीं चर्च मैदान पर शाम को बेबीलीग प्रतियोगिता का एक मैच खेला गया। इसमें जूनियर बाइज सीहोर ने अंबेडकर क्लब को 3-2 से हराया। इस मैच में सीहोर जूनियर बाइज की टीम की ओर से अराफात ने 3 गोल किए। वहीं अंबेडकर क्लब की ओर से अग्रिम ने 2 गोल किए।

पेयजल योजनाओं के कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराएं : कलेक्टर

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित एवं निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार एवं योजनावार कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संचालित योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रदाय की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाए तथा पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएं।

अखाड़ों और आकर्षक झांकियों ने मोहा मन, पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते नजर आए श्रद्धालु

तहसील में जगह-जगह मनाई कृष्ण जन्माष्टमी निकला चल समारोह, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

गैर की थाप और डीजे की धुन पर झूमे श्रद्धालु, जयकारों के बीच निकली शोभायात्रा, राधाकृष्ण के स्वरूप, घोड़े और सजी दो बग्गियां रहीं आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





गैर मंडली की थाप, डीजे की धुन और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से शुक्रवार को भैरूंदा नगर भक्तिमय हो गया। श्री राधाकृष्ण मंच समिति के 20वें जन्माष्टमी महोत्सव के तहत यादव-अहीर समाज की ओर से भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर भव्य चल समारोह निकाला गया। इसमें राधाकृष्ण के स्वरूप में सजे बच्चे, घोड़े और आकर्षक ढंग से सजाई गईं दो बग्गियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और आरती उतारकर राधाकृष्ण के स्वरूपों का पूजन किया।

चल समारोह की शुरुआत वीवीएम विद्यालय परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद शोभायात्रा सीहोर नाका से तलाई मोहल्ला, इंदौर रोड, दुर्गा मंदिर चौराहा, जेपी मार्केट, रॉयल मार्केट और बंगाली चौराहा होते हुए मिलन मैरिज गार्डन पहुंची। शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे, युवा और समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

राधाकृष्ण के स्वरूप बने आकर्षण

शोभायात्रा में राधाकृष्ण के स्वरूप में सजे बच्चे लोगों का ध्यान खींच रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने उनके दर्शन किए और आरती उतारी। घरों और दुकानों के सामने से गुजर रही शोभायात्रा पर लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। भक्ति गीतों और श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा मार्ग गूंजता रहा।

गैर मंडली की प्रस्तुति पर झूमे युवा

गैर मंडली की प्रस्तुति ने शोभायात्रा में उत्साह बढ़ा दिया। ढोल की थाप और लोकधुनों पर युवा और समाज के लोग झूमते नजर आए। डीजे की धुन पर भी श्रद्धालुओं ने जमकर उत्साह दिखाया। शोभायात्रा में सजाई गईं दो बग्गियां और उनके साथ चल रहे घोड़े भी आकर्षण का केंद्र रहे।

महाआरती के बाद बांटी प्रसादी : शोभायात्रा के मिलन मैरिज गार्डन पहुंचने पर महाआरती हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। श्री राधाकृष्ण मंच समिति के अध्यक्ष राधवेन्द्र यदुवंशी ने बताया कि समिति की ओर से लगातार 20 वर्षों से जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समाज और नगरवासियों के सहयोग से हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में अखंड कीर्तन सप्ताह का आयोजन

सीहोर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कस्बा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर, सीहोर में अखंड कीर्तन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 28 अगस्त 2026, शुक्रवार की रात्रि 12 बजे से हुआ, जिसका समापन 4 सितंबर 2026, शुक्रवार की रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पश्चात किया जाएगा।

आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा निरंतर अखंड कीर्तन किया जाएगा। इसमें महिलाओं के कीर्तन का समय दोपहर 2 बजे से तथा विभिन्न भजन मंडलियों के कीर्तन का समय रात्रि 8 बजे से निर्धारित किया गया है।

आयोजन समिति ने बताया कि अखंड कीर्तन सप्ताह के समापन के पश्चात 5 सितंबर 2026, शनिवार को शाम 6 बजे हवन-शांति एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा।

आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, माता-बहनों, भजन मंडलियों, मानस प्रचार समितियों एवं श्रद्धालु भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में प्राचीन श्री राम मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन, कीर्तन एवं धार्मिक आयोजन का लाभ लेने की अपील की है।

नगर में 15 स्थानों पर हुआ मटकी फोड़ कार्यक्रम, धूमधाम से निकाला चल समारोह



इछावर । शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जन्मोत्सव के रूप में नगर सहित संपूर्ण अंचल में पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक मनाया गया। इस दौरान देवालयों की विशेष साफ सफाई कर उन्हें आकर्षक रूप से सजाएं गये। सुबह से शाम तक यहां पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिरों में कई जगह धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही देर रात तक भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। नगर में जन्माष्टमी के अवसर पर 15 स्थानों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसी दौरान एक चल समारोह निकाला गया। यह समारोह गिलावनी माता मंदिर परिसर से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आजाद चौक पर पहुंचा, जहां मुख्य मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

चल समारोह डीजे और बैंड बाजे के साथ निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला , बच्चे और पुरुष मौजूद थे। श्रद्धालु डीजे पर बजने वाले भजनों की स्वर लहरियों पर थिरकते हुए चल रहे थे।



जन्माष्टमी पर सजे मंदिर, निकली भव्य शोभायात्रा



बुधनी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व पर शुक्रवार को नगर पूरी तरह भक्तिमय रंग में नजर आया सुबह से ही नगर के प्राचीन मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वहीं भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। दिनभर मंदिरों में भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही दोपहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री राधा-कृष्ण मंच एवं सर्व यादव समाज के तत्वावधान में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और धार्मिक जयघोषों के साथ निकली शोभायात्रा में विभिन्न अखाड़ों के हैरतअंगेज प्रदर्शन और आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया शोभायात्रा में शामिल महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए चल रहे थे, जिससे नगर का वातावरण पूरी तरह कृष्णमय और भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित सर्व यादव समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया। भव्य शोभायात्रा नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई इसके बाद शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई। श्री राधाकृष्ण मंदिर गोकुलधाम पहुंची, जहां इसका विधिवत समापन हुआ आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों एवं समाजजनों का विशेष सहयोग रहा आयोजन समिति अध्यक्ष मांगीलाल यादव ने शोभायात्रा में शामिल सभी समाजजनों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं और सही राह दिखाते हैं: अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा



सीहोर। गुरु का जीवन में होना केवल मार्गदर्शन प्राप्त करना नहीं, बल्कि अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का माध्यम है। गुरु हमें सही राह दिखाते हैं और उनकी कृपा से जीवन के अनेक संकट दूर हो जाते हैं। जब कोई मनुष्य भगवान शिव, अपने गुरु और माता-पिता के समीप रहकर उनकी सेवा और आराधना करता है, तो जीवन के बड़े से बड़े कष्ट भी धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं। सनातन धर्म में भगवान शिव, गुरु और माता-पिता का स्थान सर्वोच्च माना गया है। उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने जिला मुख्यालय पर जारी ऑनलाइन पांच दिवसीय हरतालिका तीज श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। कथा का ऑनलाइन प्रसारण होने के कारण देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु अपने घरों से ही कथा का श्रवण कर रहे हैं और भगवान शिव की महिमा से जुड़ रहे हैं।

शिव, गुरु और माता-पिता के समीप बैठने मात्र से मिलता है आत्मिक बल : कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि आज मनुष्य अपने जीवन की अनेक परेशानियों का समाधान बाहर तलाशता है, जबकि सनातन परंपरा ने सदैव उसे अपने भीतर और अपने आराध्य के समीप जाने का मार्ग बताया है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को भगवान के पास, गुरु के पास और अपने माता-पिता के पास कुछ समय अवश्य बैठना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के चरणों में बैठकर की गई प्रार्थना, गुरु के सान्निध्य में प्राप्त मार्गदर्शन और माता-पिता के आशीर्वाद में अद्भुत शक्ति होती है। इन तीनों के समीप बैठने से मन को शांति मिलती है और जीवन की परेशानियों का सामना करने का आत्मिक बल प्राप्त होता है।

हरतालिका तीज व्रत की महिमा का किया विस्तार से वर्णन : पंडित मिश्रा ने भादो माह में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले प्रमुख व्रत हरतालिका तीज का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सनातन परंपरा में हरतालिका तीज का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना, तपस्या, श्रद्धा और अटूट विश्वास से जुड़ा हुआ है। कथा में उन्होंने माता पार्वती की तपस्या और भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए किए गए व्रत एवं साधना के प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई आराधना मनुष्य के जीवन को नई दिशा प्रदान करती है। उन्होंने महिलाओं को व्रत के धार्मिक महत्व के साथ-साथ भगवान शिव और माता पार्वती के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण की भावना से भी अवगत कराया।

पानी जमा न होने दें, मच्छरों को पनपने से रोकें

भैरूंदा। वर्षाकाल में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए घरों व आसपास पानी जमा नहीं होने दें। पानी जमा होने से मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। यह बात जिला मलेरिया अधिकारी सीहोर डॉ. क्षमा बारिबे ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निम्नागांव में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों और विद्यार्थियों से कही। उन्होंने पानी भराव वाले स्थानों पर विभागीय निर्देशानुसार ऑयल बॉल एवं गैंबूसिया मछली डालने की



जानकारी दी। साथ ही बुखार सहित बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर समय पर जांच और उपचार कराने की सलाह दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच शिवनारायण बांकरिया, प्राचार्य श्रीराम पैठारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नन्हे विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण पात्रों का रूप धारण किया

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्री कृष्ण की लीलाओं से सजा सांदीपनि विद्यालय, बच्चों ने मोहा मन





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

सांदीपनि विद्यालय भैरूंदा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, जीवन प्रसंगों और शिक्षाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में भक्ति के रंग भर दिए। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीकृष्ण स्तुति पर विद्यार्थियों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद बच्चों ने श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का मंचन किया। श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन की भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

वहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण सहित विभिन्न पात्रों का रूप धारण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन मानवता के लिए प्रेरणादायी है।

उन्होंने धर्म-अधर्म, कर्म, कर्तव्य और जीवन के प्रति सही दृष्टिकोण का संदेश दिया। श्रीमद्भगवद्गीता मानवता और वैश्विक कल्याण की भावना का मार्गदर्शन करती है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत शिक्षक स्निग्ध नागवे और नृत्य शिक्षिका मुस्कान गोस्वामी के योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रम में गणेश यादव, रघुवीर सिंह राजपूत, महेश वर्मा, पल्लवी यादव, राधिका भवरेटा और सचिन त्रिवेदी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से विद्यालय परिसर पूरी तरह कृष्णमय नजर आया।

जागरूक, जिम्मेदार और कानून का सम्मान करने वाला नागरिक बनें : एड जॉली कुरियन



सीहोर। द ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के सहयोग से नालसा जागृति योजना–2026 के अंतर्गत सशक्त युवा, सशक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में स्वप्नश्री सिंह, वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साकेत जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तथा फारूक अहमद सिद्दीकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों का विद्यालय के बैंड दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का परिचय देते हुए स्वप्नश्री सिंह ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

साकेत जैन ने विद्यार्थियों को कानून, उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया। वहीं फारूक अहमद सिद्दीकी ने नालसा जागृति योजना के उद्देश्यों की जानकारी दी। विद्यालय के चेयरमैन एड. जॉली कुरियन ने कानून की अनभिज्ञता कोई बहाना नहीं है का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं कानून का सम्मान करने वाला नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चित्रकला, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन एवं बहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन साक्षी गोहिया ने किया।

जन्माष्टमीः राजगढ़ के कुछ भक्तों ने श्री कृष्ण को समर्पित कर रखे हैं महीने के 3 तीन दिन

ऐसी लागी लगन.... प्रत्येक एकादशी पर करने जाते गिर्राजजी की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय के कुछ युवा श्रीकृष्ण की भक्ति में ऐसे रमे हैं कि बीते करीब 15-17 वर्षों से प्रत्येक माह के तीन दिन उन्होंने सिर्फ ईश्वर को समर्पित कर रखे हैं। नगर के लगभग 10-12 कृष्ण भक्तों की यह टोली हर महीने की ग्यारस(एकादशी) या पूर्णिमा को करीब 600 किमी का सफर तय कर गिर्राज पर्वत की परिक्रमा करने जाती है। इतने वर्षों में कभी ऐसा नहीं हुआ कि इस यात्रा में कभी व्यवधान आया हो। कभी-कभार स्वास्थ्य या अन्य पारिवारिक कारणों से कोई भक्त नहीं जा पाता है तो अगले माह वो सपरिवार परिक्रमा करने पहुंचता है। इन कृष्ण भक्तों में शामिल राजू मेवाड़े, रवि मेवाड़े, अजय जोशी, राकेश नामदेव, जीवन मेवाड़े, श्याम गुर्जर, राधारमण चैरसिया, रितेश



सौलंकी बताते हैं कि एकादशी या पूर्णिमा पर गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने का अपना विशेष महत्व रहता है। यही कारण है कि उनकी टोली सालों से इन दोनों पवित्र दिवसों में से



किसी एक दिन गिर्राजजी पहुंचकर पूजा-अर्चना और परिक्रमा करने जा रही है।

एक भक्त श्याम गुर्जर दंडवत करते हैं पर्वत की परिक्रमा

इन कृष्ण भक्तों में शामिल श्री श्याम गुर्जर गोवर्धन पर्वत की 7 कोस यानि 21 किमी की परिक्रमा दंडवत होकर किया करते हैं। ये भक्त बताते हैं कि राजगढ़ मुख्यालय से ब्यावरा पहुंचकर वहां से रात्रि में टेन में बैठते हैं और अगले दिन मथुरा पहुंचते हैं। मथुरा से गिर्राजजी की दूरी लगभग 20 किमी है। ऑटो या अन्य यात्री वाहन से सभी गिर्राजजी पहुंचते हैं।

पहले मानसी कुंड में करते हैं स्नान

इन भक्तों ने बताया कि गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा तभी सार्थक होती है \ यहां स्थित मानसी गंगा नाम के कुंड में स्नान कर लिया जाता है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने अपनी मानसी शक्ति(मानसिक संकल्प) से इस कुंड को प्रकट किया था। इसी धार्मिक मान्यता के चलते पहले सभी भक्त कुंड में स्नान करने के उपरान्त अपनी यात्रा आरंभ करते हैं।

लाखों की वित्तीय अनियमिताओं पर जिपं सीईओ ने किया अयोग्य घोषित

पूर्व व वर्तमान सरपंच छह सालों तक नहीं लड़ सकेंगे कोई चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



जिले की पांच विभिन्न ग्राम पंचायतों के 4 पूर्व एवं एक वर्तमान सरपंच द्वारा किए गए भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनियमिताओं पर जिला पंचायत सीईओ ने बड़ी कार्यवाही की है। सीईओ श्री इच्छित गढ़पाले ने सभी प्रकरणों, अभिलेखों, प्रतिवेदनों की जांच एवं परीक्षण सहित सुनवाई उपरान्त यह कार्यवाही की है। दोष सिद्ध हो जाने पर संबंधित पूर्व सरपंचों को 6 वर्ष की अवधि के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित प्रकरणों में वसूली की राशि भी अधिरोपित की गई है। यहां कुछ पंचायत सचिवों पर भी कार्यवाही करते हुए उनसे वसूली का आदेश जारी किया गया है।

ग्राम पंचायत टिकोद, जनपद पंचायत सारंगपुर

राजीव गांधी सेवा केन्द्र से संबंधित 2 लाख 23 हजार 659 रुपए की वसूली राशि का कार्य पूर्ण कराए जाने के उपरांत प्रकरण का निराकरण किया गया। कार्य में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता का दोष सिद्ध पाए जाने पर पूर्व सरपंच जगदीश को 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया।

ग्राम पंचायत रायपुरिया जनपद पंचायत सारंगपुर

सीसी रोड निर्माण कार्य की करीब 2 लाख रुपए की राशि का अग्रिम आहरण किए जाने के बावजूद कार्य पूर्ण नहीं कराया गया। वित्तीय अनियमितता का दोष सिद्ध पाए जाने पर पूर्व सरपंच जगदीश पिता भेरूलाल को 6 वर्ष के लिए चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित किया गया।

ग्राम पंचायत कांकरिया जनपद पंचायत सारंगपुर

अतिरिक्त कक्ष निर्माण से संबंधित प्रकरण में प्रकरण दर्ज होने के उपरांत कार्य कराया जाना तथा वित्तीय अनियमितता का दोष सिद्ध पाए जाने पर पूर्व सरपंच दुर्गाप्रसाद मालवीय को 6 वर्ष की अवधि के लिए अयोग्य घोषित किया गया।

ग्राम पंचायत चांदपुरा जनपद पंचायत खिलचीपुर

राजीव गांधी सेवा केन्द्र से संबंधित कुल 2 लाख 12 हजार 806 रुपए की राशि मामले में पूर्व सरपंच श्रीमती शैतानबाई पर 1 लाख 6 हजार एवं तत्कालीन सचिव मदनलाल पर भी 1 लाख 6 हजार की वसूली अधिरोपित की गई है। पूर्व सरपंच श्रीमती शैतानबाई को 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया वहीं सचिव की मृत्यु हो जाने के कारण उनके हिस्से की राशि की वसूली उनके वारिसों से भू-राजस्व की भांति की जाएगी।

भंडावद में वर्तमान सरपंच अयोग्य घोषित

जीरापुर जपं की ग्राम पंचायत भंडावद में वित्तीय अनियमितता की कुल 21 लाख राशि के प्रकरण में सरपंच एवं सचिव पर समानुपातिक रूप से 10 लाख 96 हजार प्रत्येक की वसूली अधिरोपित की गई है। दोष सिद्ध पाए जाने पर सरपंच मंजूबाई राठौर को 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। वहीं सचिव श्रीलाल सिसोदिया के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा प्रकरण से संबंधित अन्य कार्यों में वसूली अधिरोपित कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जीरापुर एवं कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजगढ़ को निर्देशित किया गया है।

2.40 लाख बरामद, शेष राशि और अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ जारी

विदेशी करेंसी एक्सचेंज के नाम पर 5 लाख रुपए की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

करेंसी एक्सचेंज के नाम पर 5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 2 लाख 40 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। पुलिस आरोपितों से ठगी की शेष राशि तथा अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। जानकारी अनुसार सारंगपुर निवासी फरियादी अली असगर सैफी ने पचोर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 अगस्त को पचोर मंडी में एक महिला और दो पुरुषों ने करेंसी एक्सचेंज के नाम पर उनके साथ 5 लाख रुपये की ठगी की। फरियादी की रिपोर्ट पर पचोर थाने में अपराध क्रमांक 405/26, धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

सीसीटीवी और मुखबिर से मिले सुराग

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस को मिले सुरागों के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने ठगी की वारदात स्वीकार की।

बिहार और दिल्ली के रहने वाले हैं आरोपित

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान दुखवा पिता बदुवा रविदास (30), निवासी सरेंडा फुलवारी, जिला कटिहार (बिहार), रोबिन अब्दुल पिता अब्दुल रफ (36), निवासी कबीरबस्ती, मलकागंज, दिल्ली और फहिमा पति मिराज शेख (34), निवासी अली गांव, बदरपुर, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से ठगी की रकम में से 2 लाख 40 हजार रुपये बरामद किए हैं। एसडीओपी अरविंद सिंह के अनुसार आरोपितों से शेष राशि की बरामदगी और गिरोह द्वारा की गई अन्य वारदातों के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया, उप निरीक्षक जगदीश गोयल, अशोक कुमार भगत, प्रधान आरक्षक लकी घोषी, आरक्षक चेतन दुबे, मनीष, माया राजपूत, अतुल मौर्य और अर्जुन सिंह की भूमिका रही।

8.72 लाख रुपए नकद और 15 लाख का ट्रक जब्त

136.85 क्विंटल लहसुन की हेराफेरी के मामले में ट्रक मालिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

पिपलियामंडी पुलिस ने 136.85 क्विंटल लहसुन की हेराफेरी के मामले में ट्रक मालिक को इंदौर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हेराफेरी किए गए लहसुन से मिले 8 लाख 72 हजार 810 रुपए नकद और करीब 15 लाख रुपए कीमत का आयशर ट्रक जब्त किया है। जांच में सामने आया कि माल ले जाते समय ट्रक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी। मामले में चालक समेत तीन आरोपी अभी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार व्यापारी लोकेश हरजानी को पश्चिम बंगाल के धूपगुड़ी स्थित गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी



से 432 बोरी लहसुन का ऑर्डर मिला था। माल का कुल वजन 136 क्विंटल 85 किलोग्राम था। डिलीवरी के लिए व्यापारी ने मंदसौर के आसाम बंगाल एमडी रोड लाइंस ट्रांसपोर्ट से ट्रक मंगवाया था। 23 अगस्त को आयशर ट्रक HR39G8686 व्यापारी की फर्म पर पहुंचा। इसमें चालक दिनेश सिंह निवासी लुडास, हिसार (हरियाणा) और अकबर अंसारी सवार थे। दोनों ने लहसुन की 432 बोरियां ट्रक में लोड कराईं और पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुए। आरोप है कि तय स्थान पर माल पहुंचाने के बजाय रास्ते में लहसुन की हेराफेरी कर दी गई। लहसुन की डिलीवरी नहीं होने पर व्यापारी ने 25 अगस्त को पिपलियामंडी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल और ट्रक के संभावित रास्तों के CCTV फुटेज खंगाले। थाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने ने बताया मामले में ट्रक चालक दिनेश सिंह, अकबर अंसारी और शाहीद अंसारी, दोनों निवासी परदेशीपुरा इंदौर, फरार हैं, पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

मुरली की मधुर तान और गीता का ज्ञान, यही है श्रीकृष्ण की पहचान

मन्दसौर। सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्रीकृष्ण के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने राधा-कृष्ण का मनमोहक स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। राधा-कृष्ण के रूप में सजे



प्रशिक्षणार्थी कार्यक्रम के विशेष आकर्षण रहे। जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मटकी फोड़ के दौरान परिसर में उत्साह एवं उमंग का वातावरण रहा। प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ देते हुए भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों एवं जीवन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस उपलक्ष्य पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सहसचिव एवं सरस्वती शैक्षिक विहार संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा ने कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग के संदेश को जीवन में आत्मसात करने, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने तथा भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने आचरण में उतारने का संदेश दिया। इस अवसर पर आवासीय विद्यालय के प्राचार्य महेश वप्ता, छात्रावास अधीक्षक कमल गोठी, महाविद्यालय स्टाफ, बी.एड. एवं डी.एल.एड. के समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

भारत की नंबर वन महिला हॉकी अकादमी में मिला उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का अवसर

मंदसौर की हॉकी खिलाड़ी नियति, सुहाना व खुशी का मप्र हॉकी अकादमी में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर की हॉकी के लिए एक बार फिर गौरव का क्षण है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी, ग्वालियर में मंदसौर की तीन प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों नियति बाड़ोलिया, सुहाना बंधवार एवं खुशी टेंटवाल का चयन हुआ है। यह अकादमी देश की प्रमुख महिला हॉकी अकादमियों में शामिल है।

अकादमी में चयन के बाद अब तीनों खिलाड़ियों को ग्वालियर में रखकर उच्च स्तरीय हॉकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही उनकी पढ़ाई, रहने, भोजन तथा खेल उपकरण सहित अन्य आवश्यक खर्च मध्य प्रदेश शासन द्वारा वहन किए जाएंगे। इससे खिलाड़ियों को खेल के साथ अपनी शिक्षा जारी रखने और राष्ट्रीय स्तर



पर आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा।

यह जानकारी हॉकी मंदसौर संघ के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया एवं सचिव अविनाश उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि तीनों खिलाड़ी पिछले लगभग तीन वर्षों से नियमित रूप से प्रतिदिन 3 से 4 घंटे हॉकी का प्रशिक्षण ले रही थीं। उनकी मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम है कि उन्होंने प्रदेश की प्रतिष्ठित हॉकी अकादमी में स्थान बनाया है।

देशभर के खिलाड़ियों के बीच चयन

जिला खेल अधिकारी ओपी हरोड़ ने बताया कि अकादमी में खिलाड़ियों का चयन देशभर के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों के बीच विभिन्न चरणों के ट्रायल और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। इस वर्ष पूरे भारत से 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनमें 19 खिलाड़ी मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से तथा 5 खिलाड़ी मध्य प्रदेश के बाहर से चयनित हुई हैं।

आर्यन चंद्रेसिया का संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्यस्तर के लिए चयन

भानपुरा। अंडर-14 वर्ग में आर्यन चंद्रेसिया माता नीलू चंद्रेसिया ने संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 में से 4 राउंड में जीत



हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। आर्यन ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, लगन एवं शानदार खेल प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 5 में से 4 मुकाबले जीतकर राज्य स्तर के लिए चयनित होने पर इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं खेलप्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि आर्यन चंद्रेसिया राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भानपुरा का नाम रोशन करेंगे।

कांग्रेस ने वैकल्पिक गेट खोलने और कुलियों की स्थायी व्यवस्था की मांग की

बुजुर्ग, दिव्यांग यात्रियों को भी सीढ़ियों से जाना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर के रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर-2 से ट्रेनों का संचालन शुरू होने के बाद यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। प्लेटफॉर्म-2 तक पहुंचने के लिए फुट ओवरब्रिज बन चुका है, लेकिन रैंप और लिफ्ट का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में बुजुर्ग, दिव्यांग, बीमार, व्हीलचेयर पर निर्भर और गर्भवती महिलाओं को सीढ़ियां चढ़कर प्लेटफॉर्म तक पहुंचना पड़ रहा है। यात्रियों की इन समस्याओं को लेकर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को स्टेशन पहुंचकर स्टेशन अधीक्षक को रतलाम डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

रैंप-लिफ्ट का काम पूरा होने तक वैकल्पिक गेट की मांग

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के जरिए यात्रियों को हो रही असुविधाओं को दूर करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा कि नीमच-रतलाम रेल लाइन के दोहरीकरण के बाद प्लेटफॉर्म नंबर-2 से कई यात्री ट्रेनें चल रही हैं। फुट



ओवरब्रिज तो बन गया है, लेकिन रैंप और लिफ्ट का काम अधूरा होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस ने मांग की कि रैंप और लिफ्ट का काम पूरा होने तक प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पहले से मौजूद अस्थायी गेट को दोबारा खोला जाए या नया वैकल्पिक गेट बनाया जाए। इससे यात्रियों को फुट ओवरब्रिज की सीढ़ियां चढ़ने से राहत मिलेगी। इसके साथ ही स्टेशन पर पर्याप्त संख्या में कुलियों की स्थायी व्यवस्था करने की मांग भी की गई।

कांग्रेस नेताओं ने स्टेशन के बाहर ट्रैफिक व्यवस्था का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि स्टेशन के बाहर दो गेट होने के बावजूद फिलहाल सिर्फ एक गेट खुला है। ट्रेनों के आने-जाने के समय यात्रियों और वाहनों की भीड़ बढ़ने से जाम की स्थिति बन जाती है। इसलिए एंट्री और एग्जिट के लिए दोनों गेट दोबारा शुरू करने की मांग की गई।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने कहा कि प्लेटफॉर्म नंबर-2 तक जाने के लिए सिर्फ फुट ओवरब्रिज बनाया गया है। सीढ़ियों के साथ रैंप और लिफ्ट की सुविधा नहीं है। इससे बुजुर्ग, व्हीलचेयर पर चलने वाले, बीमार और गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी होती है।

स्टेशन प्रबंधक दिनेश सिसोदिया ने मीडिया को बताया कि यात्रियों से जुड़ी यह समस्या पहले से प्रशासन के संज्ञान में है। कांग्रेस की ओर से दिया गया ज्ञापन रतलाम डीआरएम को फॉरवर्ड किया जाएगा। यात्रियों को हो रही समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

बाबा रामदेवजी मंदिर कचनारा में मेला 13 को लगेगा



नाहरगढ़/ मंदसौर । मंदसौर जिले की सीतामऊ तहसील की ग्राम पंचायत कचनारा(नाहरगढ़) मगरे पर स्थित चमत्कारिक बाबा रामदेवजी मंदिर कचनारा पर मेला 13 सितंबर 2026 को रहेगा । जिसके लिए प्लॉट वितरण 8 सितंबर 2026 समय दोपहर 12:30 बजे शुरूआत होगी । रुणिजा के श्याम सेवा समिति बाबा रामदेव मंदिर कचनारा नाहरगढ का अंतिम निर्णय ही को मान्य करना होगा।

खबर संक्षेप

इस्कॉन में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आज से

देवास। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस्कॉन देवास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव 4 सितंबर से 6 सितंबर 2026 तक श्रद्धा और उल्लास के साथ शामलात रोड महेश्वरी भवन में स्थित इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस) केंद्र में मनाया जाएगा। महोत्सव के प्रथम दिवस 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम, हरिनाम संकीर्तन, भजन, प्रवचन एवं भगवान श्रीकृष्ण का भव्य अभिषेक तथा मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 5 सितंबर को नंदोत्सव एवं श्रील प्रभुपाद अभिर्भाव दिवस के अवसर पर विशेष उत्सव एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 6 सितंबर को रविवार्य सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तों को श्रीकृष्ण की भक्ति, भगवद्गीता एवं आध्यात्मिक जीवन से संबंधित विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

नवागत जिला पंचायत सीईओ धुर्वे ने किया पदभार ग्रहण

देवास। जिले के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत धुर्वे ने आज पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के तुरंत पश्चात वे माताजी टेकरी पहुंचे। वहां उन्होंने माताजी की टेकरी पहुंचकर मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा की पूजा अर्चना की तथा मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा से जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। जिला पंचायत में पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की और जिले में संचालित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं व जारी निर्माण कार्यों की प्रारंभिक समीक्षा की। देवास में पदस्थापना से पूर्व धुर्वे टीकमगढ़ जिले में जिला पंचायत सीईओ के रूप में अपनी सफल सेवाएं दे रहे थे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रद्धालुओं ने महाअभिषेक के साथ मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

कृष्ण जन्माष्टमी पर यदुवंशी यादव समाज ने निकाला चल समारोह, घर-घर लगाया माखन मिश्री का भोग





भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर गंज स्थित श्रीजगदीश्वर धाम श्रीराधाकृष्ण मंदिर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महाउत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्रीलड्डूगोपाल का दूध-दही से तैयार पंचामृत व संवत्सर अनुसार लौंग से महाभिषेक किया गया। इस दौरान नगर व आसपास के श्रद्धालुओं समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे। यादव समाज के लोगों ने अपने चल समारोह का समापन श्रीजगदीश्वर धाम में कर किया जिससे शंख-घंटों की ध्वनि और जय श्रीलड्डूगोपाल के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा। शाम को विभिन्न अलंकारों से सजाकर ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया जायेगा।

प्राचीन पथरौटे में विराजे ठाकुर जी

ठाकुर जी को नगरपूरोहित पं महेंद्र पाठक पं मनीष पाठक व पं डॉ दीपेश पाठक ने सुबह श्री ठाकुर जी महाराज का विशेष पूजन-अर्चन किया। सुबह 07 बजे गर्भगृह से लड्डूगोपाल जी को शंख और घंटे की ध्वनि के बीच बाहर लाया गया। इसके बाद उन्हें पथरौटे में विराजमान कराया गया। विभिन्न अलंकारों को धारण किए श्रीराधाकृष्ण जी के दर्शन की एक झलक पाने के लिए भक्तों में उत्साह दिखाई दिया।

लौंग से महाभिषेक

नगरपूरोहित परिवार के मार्गदर्शन में आष्टा नगर के भक्तों, जनप्रतिनिधियों, व यादव समाज के लोगों ने लौंग,दूध, दही, शहद, घृत और पंचमेवा से ठाकुर जी का अभिषेक किया गया। इस दौरान लौंग की धारा लगातार चलती रही।

जन्म बधाइयों पर झूमे श्रद्धालु

महाभिषेक के दौरान श्री कृष्ण भक्ति गीतों के गायक संतोष झांवर, गोविंद चौहान,राजेश गौतम,राजेश राठौर,आदि, ने जन्म बधाइयां प्रस्तुत कीं। भक्ति गीतों की स्वर लहरियों और जन्म बधाइयों पर महिलाएं, बच्चे और अन्य श्रद्धालु झूमते नजर आए। मंदिर परिसर में लगातार लड्डूगोपाल और श्रीराधे के जयकारे लगते रहे।इस अवसर जिसमे क्षेत्रीय विधायक श्री गोपाल,सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना सिंघी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, विधायक प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा,भाजपा महिला जिलाध्यक्ष ऋतु जैन,पार्षद तारा कटारिया,हिंदू उत्सव अध्यक्ष भूरू मुकाती,व्यापार संघ अध्यक्ष रूपेश राठौड़,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सुराणा, पूर्व नगर अध्यक्ष संतोष झंवर,पत्रकार नरेंद्र गंगवाल,सुशील संचेती, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया,महामंत्री मोहित सोनी,पूर्व हिंदू उत्सव अध्यक्ष कालू भट्ट, भाजपा एल्डरमैन तोष नारायण भूतिया,चल समारोहों अध्यक्ष सजन सिंह यादव,रमेश यादव,प्रेमचंद यादव,सूरज यादव,सुशील यादव पटेल,डॉ बी एल यादव,अनिल यादव,पवन यादव,धर्मेंद्र यादव,दिलीप यादव,प्रदीप यादव,पंकज यादव,बंटी यादव,द्वारका सोनी,सचिन वोहरा,पूर्वपार्षद सुभाष नामदेव नरेंद्र कुशवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी नगीन चंद जैन, विनीत सिंघी, प्रेम नारायण शर्मा, सतीश, अशोक भूतिया, सुशील संचेती, कमल पांचाल, विक्की सुराना, जितेंद्र साहू, मोहित वेदमूथा, सुमित मेहता,गौरव सोनी, मनीष डोंगरे सहित मातृ शक्ति उपस्थित रही।

चल समारोह का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी यदुवंशी अहीर यादव समाज द्वारा आष्टा नगर में भव्य कृष्ण जन्मोत्सव चल समारोह निकाला गया। बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवान श्रीकृष्ण को आकर्षक रथ पर विराजमान कर चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्तियां शामिल हुईं। चल समारोह में मातृशक्तियां पीतांबर रंग के वस्त्र धारण कर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। "नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा। चल समारोह अस्पताल चौराहा, परदेसीपुरा, खत्री मार्केट होते हुए बुधवारा स्थित पुराने सिद्धार्थ हॉस्पिटल चौराहे पर पहुंचा।

सकल हिंदू समाज ने किया भव्य स्वागत

पुराने सिद्धार्थ हॉस्पिटल चौराहे पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में यादव समाज के कृष्ण जन्मोत्सव चल समारोह का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। सर्वप्रथम सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा एवं सचिव मनीष डोंगरे ने भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

अध्यक्ष का किया स्वागत

इसके पश्चात सकल हिंदू समाज उपाध्यक्ष प्रेमनारायण जायसवाल, मांगीलाल सिसोदिया, प्रचार मंत्री अचल किरार, रमेश मालवीय एवं विशेष सहयोगी महेश राठी सहित समाजजनों ने कृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह के अध्यक्ष सजन सिंह यादव सावंतखेड़ी, डॉ बलराम यादव, यादव समाज अध्यक्ष पवन यादव, सुशील यादव, पटेल नंदकिशोर यादव, रमेश यादव सहित समस्त यादव समाजजनों का पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत-सम्मान किया। इस अवसर पर कुशवाहा समाज की वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती पार्वती परसराम कुशवाह द्वारा यादव समाज की सभी मातृशक्तियों को भगवान श्रीकृष्ण के नाम अंकित दुपट्टे पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही चल समारोह पर भव्य पुष्पवर्षा कर यादव समाज की मातृशक्तियों एवं श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया।

सामाजिक एकता और भाईचारे का दिया संदेश

इस अवसर पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारे, एकता और धर्म के प्रति आस्था को मजबूत करने का पर्व है। आष्टा नगर की यही परंपरा रही है कि सभी समाज एवं संगठन मिलकर धार्मिक पर्वों को उत्साह और सद्भाव के साथ मनाते हैं। यादव समाज द्वारा निकाला गया यह भव्य चल समारोह हमारी सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। स्वागत समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी मनोज कुशवाहा, शास्त्री स्कूल संचालक सोनू शर्मा, अरविंद सेन, शुभम कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सकल हिंदू समाज के स्वागत मंच का संचालन समाज सचिव मनीष डोंगरे ने किया।

धूमधाम से मना जन्माष्टमी और दही-हांडी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जावर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बेहद हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर से लेकर नगर की गलियों तक भगवान श्री कृष्ण के जयकारों की गूंज सुनाई दी।पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरुआत विद्यालय के मुख्य सभागार में माँ सरस्वती और भगवान श्री कृष्ण की भव्य पूजा-अर्चना तथा आरती के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के पदाधिकारी, प्रबुद्ध नागरिक,पूर्व छात्र,अभिभावक और आचार्य परिवार शामिल हुआ। मंच से वक्ताओं ने भगवान कृष्ण के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान संस्था के छोटे-छोटे बच्चे राधा-कृष्ण स्वरूप, बाल गोपाल और सुदामा,वासुदेव की मनमोहक वेशभूषा में झांकिया नजर आईं। बच्चों ने भजन पर सुंदर प्रस्तुत दी और भगवान कृष्ण के बाल-रूप की विभिन्न लीलाओं को जीवंत कर दिया। नगर में निकली भव्य शोभायात्रा (चल समारोह)मध्याह्न के पश्चात रिमझिम बारिश के बीच नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पालकी में विराजमान बाल गोपाल के दर्शन के लिए नगरवासी उमड़ पड़े।

भक्तिमय गरबा नृत्य और ढोल-ताशेः शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में कावड़ और पालकी लेकर चल रही थीं। ढोल-ताशों की थाप पर छात्र-छात्राएं और स्थानीय युवा गरबा नृत्य करते हुए नजर आए।बारिश में भी उत्साह बरकरारः मौसम खराब होने और बारिश होने के बावजूद श्रद्धालुओं और बच्चों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। लोग छाता लेकर भगवान कृष्ण के स्वागत में द्वार द्वार पर तिलक पूजन एवं पुष्प वर्षा खूब हुई गलियो में फूल ही फूल नजर आए और अगवानी के लिए सड़कों पर खड़े रहे। शोभा यात्रा के पश्चात विद्यालय में भगवान कृष्ण को छप्पन भोग लगाया गया ओर भारती की गई। एवं मटकी फोड़ कार्यक्रम संपन्न हुआ।अंत में नमामि भारत वंदेमातरम 150 वीं वर्ष गांठ पर सामूहिक वन्देमातरम गायन हुआ।

सीएम डॉ. मोहन यादव को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने 50 करोड़ की घोषणा का सौंपा मांग-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शुक्रवार को सीहोर आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान नपाध्यक्ष राठौर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को शहर के विकास कार्यों की जानकारी देते हुए पूर्व में उनके द्वारा नगर के विकास के लिए की गई 50 करोड़ रुपए की घोषणा की राशि उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपे ज्ञापन में कहा कि शहर के विकास के लिए पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा 50 करोड़ रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की गई थी। नगर में विकास कार्यों को गति देने के लिए उक्त राशि की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से घोषणा के अनुरूप राशि शीघ्र उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि शहर में प्रस्तावित एवं आवश्यक विकास कार्यों को और तेजी के साथ पूरा किया जा सके। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मेवाडा, राजकुमार गुप्ता, राजेन्द्र सिंह राजपूत, प्रतेश राठौर एवं पार्षद शामिल थे। नपाध्यक्ष राठौर ने मुख्यमंत्री को नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि नगर में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता सहित मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मुख्यमंत्री से कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। सरकार द्वारा विकास और जनसुविधाओं को प्राथमिकता दिए जाने से प्रदेश के साथ ही सीहोर शहर में भी विकास की नई संभावनाएं बनी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से नगर में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। नपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को शहर में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के प्रमुख क्षेत्रों में विकास एवं सौंदर्यीकरण के साथ स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

आपका विधायक आपके द्वारा कार्यक्रम के ग्राम पंचायतों में हुए कार्यक्रम

विधायक ने ग्रामीणों के लिए कई विकास कार्यों की घोषणा





हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

आपका विधायक आपके द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने ग्राम बड़घाटी वह ग्राम रामपुराकला पहुंच कर लाखो रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की।

इसी क्रम में ग्राम बड़घाटी से रोलागाव रोड का भूमि पूजन किया। वही ग्राम में सेंधव धर्मशाला में भवन हेतु 25 लाख रुपए की घोषणा की गई। ग्राम में अनुसूचित जनजाति वर्ग की धर्मशाला मैं टीन सेट लगाने हेतु पांच लाख रुपए, उदय राय मंदिर पिपलिया कैलाश मे टीन सेट लगाने हेतु पांच लाख रविदास मंदिर व दशहरा मैदान के लिए 5 लाख, बडलिया ग्राम में टीन सेठ के लिए पांच लाख, हनुमान मंदिर बडलिया मैं 2 लाख रुपए की घोषणा की गई।

ग्राम रामपुराकला मैं पाटीदार धर्मशाला में 11 लाख रुपए एक पानी का टैंकर, ग्राम में श्मशान घाट सुंदरीकरण के लिए पांच लाख, माता मंदिर में सीसी रोड दो लाख, गोकलापुरा हनुमान मंदिर दौ लाख, माता मंदिर एक लाख रुपए की घोषणा की गई। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि आष्टा विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक गांव विकास की किरण से चमके, इसी लक्ष्य को लेकर जनता की मांग पर विकास कार्य की सौगात और स्वीकृति दी है।

आज क्षेत्र के लगभग सभी ग्रामों में करोड़ों के विकास कार्य धरातल पर उतरे हैं। हर ग्राम का समग्र विकास हो ग्रामीण क्षेत्रौ तक सरकार की विकास योजनाएं पहुंचे और सभी का समग्र विकास हो यही भाजपा कि केंद्र और राज्य सरकार का लक्ष्य है। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का ग्राम बरघाटी, रामपुराकला पहुंचने पर ग्राम के सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर दरबार, ग्राम बरघाटी के सरपंच अकेसिग ठाकुर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भव्य अगवानी कर विधायक का भव्य स्वागत सम्मान किया। आयोजित हुए कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, खाचरोद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, ग्राम रामपुरा कला सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर दरबार, ग्राम बरघाटी पंचायत सरपंच अकेसिग ठाकुर व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय सब जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खिलाड़ियों को मंच देने के लिए आगामी 6 सितंबर से शहर के चर्च मैदान पर आवासीय स्कूल परिसर के मैदान पर राज्य स्तरीय अंडर-14 सब जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों की करीब 16 टीमों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के लिए बारिश में भी मैदान पर खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ अभ्यास किया। इसके अलावा एक मैच भी खेला गया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां पूर्ण हो गई है। वही शुक्रवार को बेबीलीग प्रतियोगिता में फ्रीडर सेंटर और टेगार क्लब के मध्य रोमांचक मैच खेल गया। इसमें फ्रीडर की ओर से युवराज ने 1 गोल करते हुए अपनी टीम को विजय दिलाई। फ्रीडर सेंटर की टीम-टेगोल क्लब को 1-0 से हराया। पीएम ने खेल दिवस पर खेलो इंडिया फीडर सेंटर जूनियर फुटबाल जूनियर गेम्स को प्रोत्साहन देने के लिए संबोधित किया था, प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने खेलो इंडिया सेंटर के कोचों को निर्देश दिए थे ज्यादा से ज्यादा जूनियर खिलाड़ियों की प्रतियोगिता आयोजित करें।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।